आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

गुरूवार 17.04.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा — प्रदेश सरकार, उत्तराखण्ड को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए संकल्पित।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक ली।
- उत्तरकाशी जिले की हर्षिल घाटी में सूर्य देवभूमि चैलेंज, भव्य एक्सपो के साथ शुरू।
- ऊधमसिंह नगर जिले में गेहूं की कटाई जोरों पर, जिले में 40 गेंहू क्रय केंद्र खोले गए।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार, उत्तराखण्ड को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन के लिए लखवाड़ बांध परियोजना, जमरानी बांध बहुउद्देश्यीय परियोजना और देहरादून में आने वाले 50 सालों में पेयजल की समस्याओं को दूर करने के लिए सौंग बांध परियोजना पर कार्य गतिमान है। श्री धामी आज मुख्यमंत्री आवास में ऊर्जा निगमों के कार्मिकों द्वारा आयोजित 'स्वागत एवं अभिनन्दन' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में 16 लाख स्मार्ट मीटर लगाकर पारदर्शिता लाने का कार्य किया गया है। देहरादून शहर की बिजली लाइनें भूमिगत की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अन्तर्गत लगभग 20 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को उत्तराखंड में भी अपनाने पर जोर दिया।

## राज्यपाल चारधाम समीक्षा

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में चारधाम यात्रा की तैयारियों के संबंध में एक बैठक ली। बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही यात्रा से जुड़े जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अन्य विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखण्ड की पहचान है। यह यात्रा हमारी आर्थिक व्यवस्था और आस्था से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025, राज्य स्थापना की रजत जयंती का वर्ष है, इस बार की यात्रा को एक पर्व और उत्सव की भावना से आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रा को सहज, सुगम और व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि यात्रियों को सूचना देने के लिए मोबाइल ऐप, पोर्टल और डैशबोर्ड जैसी तकनीकी सुविधाएं अद्यतन रखी जाएं, जिससे उन्हें कोई असुविधा न हो। राज्यपाल ने अधिकारियों से आकस्मिक परिस्थितियों के लिए एक प्रभावी योजना तैयार रखने को कहा, जिसे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग में लाया जा सके। बैठक में उन्होंने अभी तक की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया।

## ट्रांजिट कैम्प निरीक्षण

चारधाम यात्रा को लेकर ऋषिकेश में तैयारियां ज़ोरों पर हैं। देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 25 अप्रैल तक यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने यात्रियों के ठहरने और भोजन की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च शिक्षा विभाग में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने व्यावसायिक, उद्यमिता व रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। आज सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान श्री धामी ने उच्च शिक्षा से डिग्री प्राप्त करने के बाद युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उनके कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि विदेशों में मानव संसाधन की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को विदेशी भाषा के साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्तापरक और रोजगारपरक शिक्षा के लिए प्राध्यापकों को भी आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों को राज्य सरकार की भारत दर्शन योजना के तहत देश के प्रमुख संस्थानों में भ्रमण कराने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा और शैक्षणिक पाठ्यक्रम की पुस्तकें आसानी से और निःशुल्क उपलब्ध हों, इसके लिए ई–लाइब्रेरी सिस्टम को मजबूत बनाया जाए।

सूर्य देवभूमि चैलेंज

उत्तरकाशी जिले में वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत हर्षिल घाटी के गांवों के समग्र विकास को लेकर सूर्य देवभूमि चैलेंज की आज भव्य एक्सपो के साथ शुरूआत हुई। भारतीय सेना और उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से सूर्य देवभूमि चैलेंज एक उच्च ऊंचाई वाली ट्रायथलॉन है, जिसका उद्देश्य, उत्तराखंड के दूर–दराज और सुरम्य क्षेत्रों में साहसिक खेलों, इको–टूरिज्म और सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस चैलेंज के तहत कल नेलांग घाटी से 110 किलोमीटर लंबी साइक्लिंग रेस होगी, जो ऊंचाई वाले दुर्गम और चुनौतीपूर्ण पहाड़ी क्षेत्रों से गुजरते हुए भटवाड़ी पहुंचेगी। अगले दिन 19 अप्रैल को 37 किलोमीटर लंबी रनिंग रेस का आयोजन भटवाड़ी से बूढ़ा केदार तक किया जाएगा। 20 अप्रैल को प्रतिभागी घुत्तू से त्रियुगीनारायण होते हुए सोनप्रयाग पहुंचेंगे और उसी दिन इसका समापन होगा।

गेंहू खरीद केंद्र (रूद्रपुर)

ऊधमसिंह नगर जिले में गेहूं की कटाई इन दिनों जोरों पर है। किसानों को कटाई के बाद अपनी फसल बेचने में दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने इस माह की शुरुआत से ही जिले में 40 गेंहू क्रय केंद्र खोल दिए हैं। हालांकि, गेहूं का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण अभी तक क्रय केंद्रों पर खरीद नहीं हो सकी है। जिले में लगभग एक लाख हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की खेती होती है। क्रॉप कटिंग के आंकड़ों के अनुसार, इस बार गेहूं की पैदावार लगभग 58 लाख कुंतल होने का अनुमान है। जिले में गेंहू खरीद के नोडल अधिकारी पंकज कुमार उपाध्याय ने बताया कि गेहूं खरीद केंद्रों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

लैब्स ऑन व्हील्स

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लैब ऑन व्हील्स मोबाइल वैन की सुविधा प्रदान की गई है। इस पहल से राज्य के दूरस्थ इलाकों में विज्ञान की अलख जलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में बागेश्वर जिले में आज 'लैब ऑन व्हील्स' मोबाइल वैन का शुभारम्भ किया गया। विधायक पार्वती दास ने हरी झण्डी दिखाकर वैन को रवाना किया। यह मोबाइल वैन जिले के कक्षा 6 से 10 तक के छात्र–छात्राओं को जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी और गणित जैसे विषयों को रोचक और प्रयोगात्मक तरीकों से समझाने का कार्य करेगी, जिससे बच्चों में समझने की क्षमता का विकास होगा। परियोजना के जिला समन्वयक दीप चन्द्र जोशी ने बताया कि बागेश्वर के 20 विद्यालयों में वैन का भ्रमण प्रारंभिक चरण में किया जाएगा।